# Shivalik Rasayan Limited

**Corporate Office:** 1506, Chiranjiv Tower,
43, Nehru Place, New Delhi-19
**Tel:** +91 11 47589500 (30 Lines), 26221811/26418182
**E-Mail :** info@shivalikrasayan.com
**Website:** www.shivalikrasayan.com
**CIN:** L24237UR1979PLC005041


**Ref: STEX/AGM /Publication/2023-24** **September 04, 2024**

**BSE Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street
Mumbai- 400001

Code- 539148

**National Stock Exchange of India Ltd**
Exchange Plaza, C-1, Block G,
Bandra Kurla Complex, Bandra (E)
Mumbai – 400 051

Symbol- SHIVALIK

**Subject: Submission of Public Notice made in Newspaper for 46th Annual General Meeting, E-voting information & Book Closure**

Dear Sir,

Pursuant to Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Please find enclose the newspaper advertisement cutting published in Financial Express and Veer Arjun on 04.09.2024 for the 46th Annual General Meeting of the Company to be held on 28.09.2024.

This is for your reference, kindly update the records.

Thanking you.

Yours faithfully,
For **Shivalik Rasayan Limited**

PARUL ARORA
Digitally signed by PARUL ARORA
Date: 2024.09.04 14:42:13 +05'30'

**Parul Choudhary**
**Company Secretary**
**ACS: 34854**

Encl: as above

# सभी ग्राम पंचायतों को फार्म मशीनरी बैंक योजना से जोड़ा जाए: सीएम

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून, । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में कृषि और उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य में किसानों की आर्थिकी को और तेजी से बढाने की दिशा में प्रभावी प्रयास किये जाएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ एक पैकेज के रूप में मिले। केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का पूरा लाभ किसानों को मिले इसके लिए राज्य और जनपद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि पॉलीहाउस के निर्माण में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढाने और स्वरोजगार को बढावा देने के लिए पॉलीहाउस योजना सहायक सिद्ध होगी, इनके निर्माण में लेटलतीफी करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि



कृषि और उद्यान विभाग की समीक्षा बैठक लेते सीएम।

प्रत्येक साल के लिए निर्धारित लक्ष्य के हिसाब से राज्य में पॉलीहाउस का निर्माण किया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि यंत्रीकरण योजना से किसानों को लाभान्वित किया जाए। इस योजना के तहत अनेक कृषि यंत्रों पर 80 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जा रही है। फार्म मशीनरी बैंक योजना से किसानों को तेजी से जोड़ने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों को फार्म मशीनरी बैंक योजना से जोडा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में मिलेट को बढावा देने के लिये और कारगर प्रयासों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मिलेट उत्पादन को बढावा देने के लिये कृषि क्षेत्र बढाने के साथ उत्पादकता बढाने के लिए प्रत्येक साल का एक्शन प्लान बनाया जाए। उत्पादों की वैल्यू एडिशन पर विशेष ध्यान दिया जाए। राज्य में प्राकृतिक खेती को और बढावा देने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिये। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि राज्य में एप्पल और कीवी मिशन के तहत तेजी से कार्य किये जाएं। उन्होंने कहा कि सेब के उत्पादन में वृद्धि के साथ ही पैकेजिंग और मार्केटिंग की दिशा में भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि सेब और कीवी उत्पादन में वृद्धि राज्य में किसानों की आर्थिकी को बढाने में गैम चेंजर साबित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में ऐरोमा के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं है। ऐरोमैटिक सेक्टर किसानों की आय बढाने में काफी कारगर साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि किसानों को ऐरोमैटिक खेती के लिए अधिक से अधिक प्रेरित किया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी दी गई कि महिलाओं की आर्थिकी को बढाने के लिए अभी तक 28 महिलाओं को नमो ड्रोन दीदी योजना से जोड.गया है, इस वर्ष इस योजना से 280 महिलाओं को जोडा जायेगा। स्टैट मिलेट मिशन नीति के तहत वर्तमान में 01 हजार महिलाओं के समूह गठित किये गये हैं, 2025 तक इन समूहों की संख्या 03 हजार करने का लक्ष्य रखा गया है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 05 हजार महिला कृषकों को स्वरोजगार के लिए जैविक खेती प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

# मेडिकल कॉलेजों में सुपर स्पेशलिस्ट संविदा चिकित्सकों का बढ़ा वेतन

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून, । राज्य सरकार ने प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में संविदा के माध्यम से तैनात सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों के वेतन में वृद्धि की मंजूरी दे दी है। नये वेतनमान के निर्धारण से राजकीय मेडिकल कॉलेजों में अब सुपर स्पेशियलिटी एवं रेडियोलॉजी विभागों में फैकल्टी की कमी नहीं रहेगी। सरकार ने मैदानी एवं पर्वतीय क्षेत्रों के लिये सुपर स्पेशलिस्ट एवं रेडियोलॉजिस्ट के वेतनमान का पुनर्निर्धारण किया है।

सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य सरकार ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत राजकीय मेडिकल कॉलेजों में संविदा पर तैनात सुपर स्पेशियलिटी एवं रेडियोलॉजी विभागों की फैकल्टी के वेतनमान का पुनर्निर्धारण कर बढोत्तरी की है। जिससे पर्वतीय क्षेत्रों के मेडिकल कॉलेजों में आ रही फैकल्टी की कमी को दूर किया जा सकेगा। विभागीय मंत्री ने बताया कि पुनर्निर्धारित वेतनमान के तहत कार्डियोलाजी, नेफ्रोलाजी, न्यूरोसर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी, यूरोलॉजी एवं रेडियोलॉजी विभाग में तैनात सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों को बढा हुआ वेतनमान दिया जायेगा। जिसके तहत मैदानी क्षेत्र के मेडिकल कॉलेजों में तैनात प्रोफेसर को अधिकतम 4 लाख रूपये, एसोसिएसट प्रोफेसर को 3 लाख 20 हजार, असिस्टेंट प्रोफेसर को 2 लाख 20 हजार व सीनियर रेजीडेंट को 1 लाख 50 हजार रुपये का मानदेय निर्धारित किया गया है। जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में प्रोफेसर को रूपये 5 लाख , एसोसिएट प्रोफेसर को 4 लाख, असिस्टेंट प्रोफेसर को 3 लाख व सीनियर रेजीडेंट को 2 लाख रुपये तक का अधिकतम मानदेय दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि संविदा के आधार पर तैनात फैकल्टी के कार्य प्रदर्शन के मूल्यांकन के आधार पर मानदेय में प्रतिवर्ष वृद्धि का भी प्रावधान रखा गया है। जिसके तहत असिस्टेंट प्रोफेसर एवं सीनियर रेजिडेंट के मानदेय में उत्तम कार्य प्रदर्शन के आधार पर 10 प्रतिशत तथा एसोसिएट एवं प्रोफसर के मानदेय में 7 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि की जायेगी। इसके अलावा संविदा पर तैनात फैकल्टी को आयुष्मान भारत, अटल आयुष्मान उत्तराखंड योजना तथा राज्य सरकार के स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत राजकीय चिकित्सालयों द्वारा अर्जित क्लेम की धनराशि में से भी प्रावधान के अनुसार प्रोत्साहन राशि का भी भुगतान किया जायेगा। किसी भी संविदा फैकल्टी के सदस्यों को नौकरी छोडने अथवा इस्तीफा देने से तीन माह पूर्व कॉलेज प्रशासन को नोटिस देना होगा। डॉ. रावत ने कहा कि सुपर स्पेशलिटी संकाय सदस्यों के मानदेय के पुनर्निर्धारण से विशेषकर पर्वतीय क्षेत्र के मेडिकल कॉलेजों में आ रही फैकल्टी की कमी को दूर किया जा सकेगा साथ ही यहां अध्ययनरत मेडिकल छात्र-छात्राओं का पठन-पाठन निर्बाध रूप से चल सकेगा।

# टीएचडीसी और महाराष्ट्र सरकार के बीच ?33,600 करोड़ के समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित

**वीर अर्जुन संवाददाता**

ऋषिकेश, । विद्युत क्षेत्र की अग्रणी और प्रतिष्ठित पीएसयू, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने महाराष्ट्र सरकार के जल संसाधन विभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन पर उप मुख्यमंत्री, गृह, कानून और न्याय, जल संसाधन और लाभ क्षेत्र विकास, आवास, ऊर्जा, प्रोटोकॉल, मंत्री, महाराष्ट्र सरकार, देवेन्द्र फडणवीस की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत महाराष्ट्र में छह पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट्स के माध्यम से पंप स्टोरेज ऊर्जा का विकास किया जाएगा, जिसकी कुल क्षमता 6,790 मेगावाट होगी और इसमें 33,600 करोड. रुपये से अधिक का प्रस्तावित निवेश शामिल है। श्री फडणवीस ने इस ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर सफलतापूर्वक हस्ताक्षर करने के लिए टीएचडीसीआईएल के प्रबंधन को




हार्दिक बधाई दी तथा परियोजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन और शीघ्र पूरा होने को सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण समर्थन और सहयोग का आश्वासन दिया। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य डेवलपर को सर्वेक्षण, जांच, और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने में सहायता करना है, साथ ही केंद्रीय और राज्य सरकार की मौजूदा नीतियों, योजनाओं और नियमों का पालन करते हुए समयबद्ध तरीके से इन परियोजनाओं को स्थापित करने में सुविधा प्रदान करना है। आर. के. विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, टीएचडीसीआईएल ने इस ऐतिहासिक समझौते पर शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि यह देश के उर्जा प्रणाली को आगे बढाने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता का महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल के माध्यम से टीएचडीसीआईएल को महाराष्ट्र राज्य में पंप स्टोरेज परियोजनाओं (पीएसपी) की अप्रयुक्त क्षमता का विकास करने में मदद मिलेगी। श्री विश्नोई ने इस बात पर प्रकाश डालते हुए यह भी बताया कि टीएचडीसीआईएल भारत की सबसे बडी सीपीएसई परियोजना, 1000 मेगावाट के टिहरी पीएसपी के संचालन के करीब है जो कंपनी की अत्याधुनिक हाइड्रो परियोजनाओं को विकसित करने में विशेषज्ञता को दर्शाता है।

# 9वां देहरादून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 27 सितंबर से

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून,। उत्तराखंड का एकमात्र सबसे बडा आयोजन 9वां देहरादून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आगाज आगामी 27 सितंबर से 29 सितंबर को सिल्वर सिटी राजपुर रोड एवं तुलास इंस्टीट्यूट में होने जा रहा है। पिछले वर्षो की भांति इस वर्ष भी कई सितारों, फिल्म डिरेक्टर, सिंगर आदि से उत्तराखंड की जनता रूबरू होगी। वहीं फिल्म फेस्टिवल के साथ-साथ उत्तराखंड टैलेंट हंट एवं आंगन बाजार एग्जिबिशन का आयोजन भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार फिल्म फेस्टिवल का पहला शो नेत्रहीनों के लिए रहेगा जिसमें सैम बहादुर प्रदर्शित की जाएगी। जानकारी देते हुए देहरादून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के आयोजक राजेश शर्मा ने बताया कि इसमें दो ग्रुप रखे गए हैं 8 से 15 साल वह 16 साल से ऊपर जिसमें प्रतिभागी अपनी कला जैसे कि डांस एक्टिंग पोएट्री मिमिक्री सिंगिंग आदि का प्रदर्शन जजेस के समक्ष करेंगे और अंतिम फैसला जजेस का ही रहेगा जीतने वाले प्रतिभागियों को अवार्ड व सर्टिफिकेट तो दिया ही जाएगा साथ ही वोकल म्यूजिक और देहरादून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के आने वाले प्रोजेक्ट में भी मौका मिलेगा। श्री शर्मा ने बताया कि यह उत्तराखंड के युवाओं के लिए बहुत ही सुनहरा अवसर है कि वह अपनी कला का प्रदर्शन करें और उनको साथ ही साथ ऐसे कलाकारों से मिलने का मौका मिलेगा जिनके साथ वे उनके अनुभव साझा कर सकते हैं राजेश जी ने बताया कि पिछले 9 वर्षो से देहरादून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आयोजन होता आ रहा है और कितने ही नए-नए डायरेक्टर प्रोड्यूसरस को एक प्लेटफार्म देने की कोशिश की गई है ।

## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग से छेड़छाड़ प्रकरण: नंदानगर बाजार में धारा 163 लागू

चमोली, वीर अर्जुन संवाददाता। दूसरे समुदाय के युवक द्वारा नाबालिग से छेडछाड.का मामला अब तूल पकडता जा रहा है। मंगलवार को नंदानगर बाजार क्षेत्र के 200 मीटर की परिधि में प्रशासन ने धारा 163 (भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023) लागू कर दी है। साथ ही एक विवादित स्थल पर तोडफ़ोड.करने पर 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ नंदानगर पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जबकि सोमवार को 300 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमे दर्ज हुए थे। अभी तक 500 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमे दर्ज हुए हैं।उधर, गोपेश्वर में रैली निकाली गई। रामलीला मैदान से मंदिर मार्ग होते हुए रैली बस अड्डु पहुंची। यहां हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। मामला बढता देख यहां भारी पुलिस फोर्स तैनात तैनात की गई है। एसपी सर्वेश पंवार भी मौके पर पहुंचे हैं। लोगों ने डीएम से एक सप्ताह में सभी बाहरी लोगों का सत्यापन करने और आपराधिक परवर्ती वाले लोगों को बाहर करने की मांग। लोगों ने आज भी नंदानगर में चक्काजाम किया है। साथ ही बाजार पूर्ण रूप से बंद किया है। पुलिस की ओर से भी लाउडस्पीकर से लोगों को धारा 163 के तहत कहीं भी समूह में खडे.नहीं होने की हिदायत दी जा रही है। जगह-जगह पर पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार सहित जनपद के अन्य पुलिस अधिकारी नंदानगर में कैंप लगाए हैं। हालांकि पुलिस ने पुलिस ने आरोपी आरिफ खान (26) निवासी ग्राम सोफतपुर थाना नांगल जिला बिजनौर को रविवार रात को बिजनौर से गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन लोग आरोपी युवक के सहयोगी साहिद, अहमद हसन और अयूब की गिरफ्तारी की मांग उठा रहे हैं।

### भूस्खलन में फंसे यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया

रुद्रप्रयाग, वीर अर्जुन संवाददाता। केदारनाथ हाईवे के स्लाइडिंग जोन पर भारी भूस्खलन हो गया। जिस कारण सैकडों की संख्या में यात्री दोनों ओर फंस गए। सुरक्षा जवानों की ओर से यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया। हालांकि, अब मौसम साफ होने पर यात्रा सुचारू हो गई है। केदारघाटी में हुई बारिश के कारण सोनप्रयाग से कुछ आगे केदारनाथ हाईवे पर भारी भूस्खलन हो गया। यहां पहाडी से भारी मात्रा में बोल्डर गिर गए। यह वही स्थान है, जहां 31 जुलाई को आई आपदा में केदारनाथ हाईवे का बहुत बडा हिस्सा मंदाकिनी नदी में समा गया था। जिसके बाद यहां पर वैकल्पिक आवाजाही के लिए रास्ता तैयार किया गया। लेकिन

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर वाणिज्य विज्ञापन के ठेके को संचालन एवं आवंटन हेतु ई–बोलियाँ **website: www.ireps.gov.in** पर दिनांक **18.09.2024** को आमंत्रित की गयी है, इनकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्ते **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

मुरादाबाद मंडल द्वारा मंडल के हरिद्वार, देहरादून, शाहजहांपुर, मुरादाबाद, हरदोई, रूरकी एवं बरेली रेलवे स्टेशनों के टिकेट काउंटर पर ड्यूल डिस्प्ले नॉन–इंटीग्रेटेड सिस्टम के माध्यम से वाणिज्य विज्ञापन के अनुबन्ध को 5 वर्षों के आवंटन हेतु खुली निविदा **www.ireps.gov.in** पर दिनांक **25.09.2024** को आमंत्रित कि जाती है. निविदा जमा करने कि अंतिम तिथि 25.09.2024 को 15:00 बजे है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2737/24

# शिक्षक दिवस पर सभी विद्यालयों में आयोजित हों कार्यक्रम: डॉ. रावत

**वीर अर्जुन संवाददाता**


देहरादून, । विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित प्रदेशभर के सरकारी एवं निजी विद्यालयों में आगामी 5 सितम्बर को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर जिला एवं ब्लॉक स्तर पर सम्मान समारोह आयोजित किये जायेंगे जिसमें राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर सम्मानित शिक्षकों तथा विद्यालय स्तर पर बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा। इसके अलावा प्रत्येक विद्यालय में वाद-विवाद प्रतियोगिताएं एवं गोष्ठियां आयोजित कर शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षक के योगदान पर परिचर्चा की जायेगी। इस संबद्ध में विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं। सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेश के सभी राजकीय एवं निजी विद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस को भव्य रूप से मनाया जायेगा। जिस हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि इस शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी विद्यालयों में भाषण, चित्रकला, गायन व वाद-विवाद प्रतियोगिता सहित गोष्ठियां आयोजित कर शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षक के योगदान पर परिचर्चा की जायेगी। जिसमें छात्र-छात्राओं की भागीदारी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जायेगी। इस दौरान छात्र-छात्राओं को देश के प्रथम उपराष्ट्रपति व द्वितीय राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के बारे में बताया जायेगा, जिनके जन्मदिवस को पूरा देश राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मनाता है। विभागीय मंत्री ने बताया कि शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला एवं ब्लॉक स्तर पर सम्मान समारोह आयोजित किये जायेंगे।

# विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूरी भूषण ने पत्रकारिता एवं जनसंचार प्रयोगशाला का उद्घाटन किया

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून, । विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक, ऋतु खण्डूडी भूषण ने कोटद्वार स्थित डॉ पीताम्बर दत्त बडथ्वाल राजकीय महाविद्यालय में विधायक निधि से 4.96लाख की लागत से नवनिर्मित पत्रकारिता एवं जनसंचार प्रयोगशाला का उद्घघाटन कर छात्र - छात्राओं को प्रयोगशाला समर्पित की। उद्घघाटन समारोह के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने पत्रकारिता और जनसंचार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रयोगशाला के माध्यम से छात्र-छात्राओं को व्यवहारिक ज्ञान के साथ आधुनिक पत्रकारिता के सिद्धांतों और विशेषताओं को सिखने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि यह प्रयोगशाला न केवल छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगी, बल्कि उन्हें पत्रकारिता के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों और विधियों से भी परिचित कराएगी।

ऋतु खण्डूडी भूषण ने महाविद्यालय की प्रशंसा की और



आशा व्यक्त की कि यह प्रयोगशाला छात्रों के व्यक्तित्व और कौशल को पत्रकारिता के क्षेत्र में समर्थवान बनाने में सहयोगी सिद्ध होगी। विधानसभा अध्यक्ष ने यह भी आश्वासन दिया कि राज्य सरकार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार हेतु नवीन अन्वेषणों के द्वार शिक्षा को गुणवत्ता युक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही शिक्षा में विभिन्न उपक्रमों के माध्यम से सुविधाओं का निरन्तर विस्तार किया जा रहा है। उद्घघाटन समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य व शिक्षण स्टाफ सहित छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकारिता जनसंचार प्रयोगशाला की नवीन सुविधा से छात्र-छात्राओं का भविष्य व्यवसायिक क्षेत्र में अधिक मजबूत होगा इस सहरानीय कार्य के लिए विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण का महाविद्यालय परिवार ने हार्दिक धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। उद्घघाटन समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य, डी०एस० नेगी, मण्डल अध्यक्ष कोटद्वार नगर पंकज भाटिया, सुखरो मण्डल अध्यक्ष हरी सिंह पुण्डीर, हेमन्त बिष्ट ,प्रो०प्रीति रानी, प्रो. बसन्तिका कश्यप, संजय दिवेद्वी शिक्षक, छात्र-छात्राएँ और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डा०संजय थलेडी जी किया।

# ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री का खुलासा, एक गिरफ्तार

**वीर अर्जुन संवाददाता**

अल्मोडा, । ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त पत्थर व वारदात के समय पहने खून सने कपडे.भी बरामद किये गये है। जानकारी के अनुसार बीती 24 अगस्त को थाना पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम गाजा बसकन्या के पास एक अज्ञात व्यक्ति का रक्तरंजित शव सडक़ पर पडा हुआ हुआ है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया। शव की शिनाख्त राकेश जोशी के रूप में की गयी। जिसके पश्चात महेश चन्द्र जोशी पुत्र स्व. दयाकृष्ण निवासी वेतनधार ने थाना चौखुटिया में तहरीर दी कि अज्ञात हत्यारे द्वारा उसके भाई राकेश जोशी की हत्या कर दी गयी है। मामले में पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर हत्यारे की तलाश शुरू कर दी गयी। हत्यारे की तलाश में जुटी पुलिस टीमों द्वारा कडी



मशक्कत के बाद देर रात वारदात में शामिल खीम सिंह पुत्र स्व. प्रताप सिंह निवासी ग्राम गाजा बसकन्या थाना जिला अल्मोडा को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी खीम सिंह ने बताया कि वह शराब पीने का आदि है, मेहनत मजदूरी कर उससे जो पैसे मिलते है, शराब में उडा देता है, उसके पत्नी व बच्चें भी साथ नही रहते है। बताया कि 23 अगस्त की रात लगभग 11 बजे जब वह अपने कमरे में पहुंचा तो उसने अपने कमरे का सारा सामान अस्त व्यस्त पडा हुआ देखा, साथ ही एक व्यक्ति उसके बैड में सो रहा था। जिसे उसने उठने के लिए कहा तो वह व्यक्ति उसके साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट करने लगा तथा उसके गाल मे 2 थप्पड मार दिये। जिससे गुस्से मे आकर वह बाहर से पत्थर लाया और मृतक राकेश जोशी के सिर व चेहरे पर मारा तो वह उसके कमरे से भागकर सडक़ पर चला गया और सिर पकडक़र बीच सडक मे बैठ गया। उसी वक्त उसने उसके चेहरे एवं सिर पर पत्थर से कई वार किये। बताया कि इस दौरान मृतक राकेश जोशी का मोबाईल जो वही पर गिर गया था जिसे उसने छिपा दिया था और हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल पत्थर को गौशाला की तरफ फेंक दिया, वारदात को अंजाम देते वक्त पहनी कमीज जिसमें खून लगा हुआ था ।

# सीएम धामी सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने किया भाजपा की सदस्यता का रिन्यूअल

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून, । राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा संगठन महापर्व ने तहत सदस्यता अभी की शुरुआत हो गई है। इसी क्रम में मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा कार्यालय पहुंचकर भाजपा की सदस्यता का रिन्यूअल किया। सीएम धामी के सदस्यता रिन्यूअल के बाद प्रदेश स्तर पर भाजपा के संगठन महापर्व की शुरुआत हो गई है। सदस्यता अभियान के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ ही भाजपा के तमाम वरिष्ठ नेताओं को पार्टी की सदस्यता रिन्यूअल कराई। सीएम धामी के सदस्यता रिन्यूअल के बाद चार-सितंबर से जिलों में स्थानीय सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ ही वरिष्ठ पदाधिकारियों को भी सदस्यता दिलाई जाएगी। इसके बाद घर-घर संपर्क अभियान के बाद बडे. कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और फिर 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2024 तक पार्टी सक्रिय सदस्यता के लिए अभियान चलाएगी। ताकि पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ले चुके नेताओं को पार्टी की सक्रिय सदस्यता दिलाई जा सके।तय किए गए कार्यक्रमों के अनुसार, भाजपा के सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि इस साल यानी 2024 में हर रविवार को कम से कम 20 नए लोगों को पार्टी का सदस्य बनाएंगे। हालांकि, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी वर्ष के लिए संगठन ने ये लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके साथ ही भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भी इस बार सदस्यता अभियान से जोडऩे का निर्णय लिया है। ऐसे में 29 सितम्बर और 27 अक्टूबर को होने वाले पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सदस्यता पर्व के साथ

**Shivalik Rasayan Limited**
CIN: L24237UR1979PLC005041
Regd. Office: Village Kolhupani, Post Office Chandanwari, via Prem Nagar, Dehradun Uttarakhand-248007
Corp. Office: 1506, Chiranjiv Tower 43, Nehru Place, New Delhi- 110019
Email: cs@shivalikrasayan.com Website: www.shivalikrasayan.com, Phones: 01147589500

**NOTICE OF 46TH ANNUAL GENERAL MEETING, E-VOTING INFORMATION AND BOOK CLOSURE DATES**

Notice is hereby given that the 46th Annual General Meeting ("AGM") of the Members of the Company will be held on Saturday, September 28, 2024 at 11:00 A.M. at Hotel Saffron Leaf GMS Road Dehradun, Uttarakhand-248146 to transact the Ordinary and Special Business, as set out in the Notice of the AGM. The Company is pleased to provide the facility to Members to exercise their right to vote by electronic means on all the resolution as set out in the said Notice.

Notice of the AGM together with the Annual Report for the financial year March 31, 2024 and procedure of the e-voting has been sent to all the Members in electronic mode whose Email IDs are registered with the Company/Depository Participant(s). Notice and the Annual Report for the financial year ended on March 31, 2024 are also available on the Company's website at: www.shivalikrasayan.com and at the website of CDSL: https://www.evotingindia.com

In Compliance the provisions of Section108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2015, and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation 2015, the Company has appointed M/s AMJ & Associates, Practicing Company Secretaries Firm as the Scrutinizer to Scrutinize the e-voting process and voting through Ballot/Polling paper at the venue of the AGM. The details as per the requirement of the Rules are given hereunder:

1. Date of Completion of dispatch of the Notice: September 03, 2024.
2. A person whose name is recorded in the Register of Members or in Register of Beneficial owner maintained with the depository as on the cut-off date, i.e. September 21, 2024 only shall be entitled to avail the facility for e-voting.
3. The e-voting period commences on Wednesday, September 25, 2024 at 09:00 a.m. and will be ends on Friday, September 27, 2024 at 5:00 p.m., in term of Rule 20(4)(vi) of the Chapter VII of the Companies Act, 2013.
4. The Members who have cast their vote by e-voting may also attend the Meeting but shall not be entitled to cast their vote again.
5. The final dividend, if declared at the AGM, shall be paid/credited on or before October 27, 2024 as under to those Members of the Company:
   (i) Whose names appear in the Company's Register of Members in respect of shares held in physical form, after giving effect to all valid shares transfers lodged with the Company on or before the close of business hours on Saturday, September 21, 2024
   (ii) Whose names appears as beneficial owners in respect of shares held in demat form, as per details furnished for this purpose by the National Securities Depository Limited (NSDL) and Central Depository Services (India) Limited (CDSL), as of close of business hours on Saturday, September 21, 2024.
6 The Members who have not cast their vote by e-voting shall be able to vote at the Meeting through ballot paper.
7. Members may contact Beetal Financial & Computer Services Pvt. Ltd, for any grievance(s) related to electronic voting by writing to them at beetalrta@gmail.com or calling them on 011-29961281/82 between 10:00 A.M. to 5:00 P.M.
8. The results of voting would be declared by the Chairman on the date of AGM and the same will also be posted on the Company's website at www.shivalikrasayan.com

Further, Notice is also hereby given pursuant to Section 91 of the Companies Act, 2013 read with relevant rules there under and Regulation 42 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Register of Members and Share Transfer Books will remain closed from September 22, 2024 to September 28, 2024 (both days inclusive).

A Member entitled to attend and vote is entitled to appoint a proxy to attend andvote in the Meeting instead of himself/ herself and the proxy need not be a Member. The proxy forms should, however, be deposited at the Registered Office of the Company not less than 48 hours before the commencement of the Meeting.

For Shivalik Rasayan Limited
Sd/-
Parul Choudhary
Company Secretary

Place: New Delhi
Date: 03.09.2024